वाट्सएप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 02 | शनिवार 27 अप्रैल 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### लोकसभा आम चुनाव-2024: प्रदेश में हुआ शांतिपूर्ण, सफल और व्यवस्थित मतदान

# दूसरे चरण के 13 लोकसभा क्षेत्रों में 64.6 प्रतिशत मतदान, बाड़मेर में सर्वाधिक 74.25 प्रतिशत मतदान

**वर्ष 2019 के मुकाबले कोटा और बाड़मेर में मतदान प्रतिशत बढ़ा। नव विवाहितों, महिलाओं, युवाओं बुजुर्गों, और दिव्यांगों ने उत्साह के साथ मतदान कर निभाई लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी। होम वोटिंग के तहत 73,799 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान 4 जून को होगी मतगणना**


जयपुर. शाबाश इंडिया

लोकसभा आम चुनाव-2024 में राजस्थान के सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आमतौर पर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न हो गया है। राज्य में दो चरण में मतदान हुआ। द्वितीय चरण के तहत टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बासंवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां लोकसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को मतदान हुआ। इन 13 निर्वाचन क्षेत्रों के 28,758 मतदान केंद्रों पर नव विवाहित जोड़ों, दिव्यांग, थर्ड जेंडर, आदिवासियों, वृद्धों और युवाओं सहित सभी मतदाताओं ने मतदान में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। प्रथम चरण के तहत 19 अप्रैल को 12 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा क्षेत्रों में अनंतिम रूप से 64.6 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। इसमें पोस्टल बैलेट के माध्यम से किया गया 0.49 प्रतिशत मतदान भी शामिल है। पोलिंग से जुड़े दस्तावेजों की जांच के बाद 27 अप्रैल तक ही मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि शाम 6 बजे तक भी कई स्थानों पर मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी थीं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से मतदाता बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचने लगे। दिनभर मतदान केंद्रों पर हंसते-मुस्कराते, उत्साह से लबरेज मतदाताओं का तांता लगा रहा। प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों के लिए 4 जून मतगणना होगी।

## वर्ष 2019 के मुकाबले बाड़मेर और कोटा में मतदान प्रतिशत बढ़ा

गुप्ता ने बताया कि इन 13 निर्वाचन क्षेत्रों में अनंतिम रूप से 64.6 प्रतिशत मतदान हुआ है। वर्ष 2019 में इन क्षेत्रों में 68.42 प्रतिशत मतदान हुआ था। कोटा और बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वर्ष 2019 के मुकाबले मतदान प्रतिशत बढ़ा है। कोटा में वर्ष 2019 में 70.22 प्रतिशत था, इस बार यह आंकड़ा 71.42 प्रतिशत हो गया है। बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में वर्ष 2019 में 73.3 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस वर्ष इस क्षेत्र में 74.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से वर्ष 2019 में सर्वाधिक 73.13 फीसदी मतदान बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र और सबसे कम 62.31 प्रतिशत मतदान पाली लोकसभा क्षेत्र में हुआ था। अंतिम आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष सर्वाधिक 74.25 प्रतिशत मतदान बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हुआ है। साथ ही, बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में ईवीएम से करीब 77 प्रतिशत मतदान हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के सुविधा को ध्यान में रखते हुए रैम्प, पीने के पानी, छाया, व्हीलचेयर और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए वाहन सहित अन्य व्यवस्थाएं की गईं। साथ ही, मतदाताओं की सहायता के लिए मतदान केंद्रों पर वॉलन्टियर्स भी तैनात किए गए। प्रदेशभर में बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए 30,591 पोलिंग बूथ लोकेशन पर 31,242 व्हीलचेयर उपलब्ध रही और एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड के एक लाख से अधिक वॉलन्टियर तैनात रहे।



# आचार्य श्री सुंदर सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में 6 जैनेश्वरी दीक्षा उत्साह पूर्वक संपन्न हुई

**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**



भीलवाड़ा। आचार्य श्री सुंदर सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में 25 अप्रैल को तेरापंथनगर में 6 जैनेश्वरी दीक्षा हुई। उत्सव पूर्वक समारोह संपन्न हुआ। आचार्य श्री सुंदर सागर महाराज ने कहा कि आज आत्मा से भगवान बनने का कार्य कर रहे हैं। वीर शासन के पुण्य से यह अवसर मिला है। कुंदकुंद आचार्य भगवान के वचन सुनने से आत्मा से भगवान नजर आने रखता है। संसार की तो सब सुनते हैं, लेकिन आत्मा की नहीं सुनते हैं। यह मार्ग अरिहंतो का है। मजबूरी का नहीं, मजबूती का है। निग्रंथ का वेश धारण करने से सारे दुख दूर हो जाते हैं। आचार्य श्री ने कहा कि सत्य धर्म को स्वीकार करें। व्यक्ति की पूजा नहीं कर वीतराग की पूजा करते जिनशासन के मार्ग पर चलकर अपना कल्याण करें। आचार्य श्री ने दीक्षार्थियो को कहा कि आठ कर्म, पंच इंद्रिय रसना इंद्री, ब्रह्मचर्यव्रत ,28 मूलगुण, सभी जीवो के साथ मित्रता, जिन शासन के अनुसार चलना, सत्य बोलना, अचोर्य धर्म, अपरिग्रह, पैदल चलना, हित- प्रिय वचन बोलना, समता भाव, इंद्री विषय को छोड़ना, पंथवाद में नहीं पडना, मन खराब नहीं करना, एकलविहार नहीं रहना। सभी दीक्षार्थी इन सभी की पालना करते मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ना है। सभी दीक्षार्थियों ने अपने भावों को प्रकट करते आचार्य श्री से दीक्षा लेने की अनुमोदना करी। उनके परिवारजनों, जनसमुदाय, ससंघ ने भी ने दीक्षा देने की अनुमोदना करी। इस उपरांत आचार्य श्री ने प्रत्येक दीक्षार्थियों के सिर पर जल से पक्षाल कर शुद्धिकरी, पंचमुठी केश लोच किया, हाथों में अक्षत सुपारी श्रीफल रखा, सिर पर मंत्रोचार द्वारा लौंग रखने संस्कार एवं 28 मूलगुण को दिए। पुणयार्जन परिवार द्वारा आचार्य श्री के सानिध्य में दीक्षार्थि मुनि को शास्त्र, पिछी, कमंडल- क्षुल्लक -क्षुल्लिकाओं को शास्त्र, वस्त्र, पिछी, कमंडल, आहार लेने का पात्र दिए। आचार्य श्री ने जनसमुदाय के बीच ब्रहमचारी सुधाकर भैया को मुनि श्री सुज्ञेय, ब्रह्मचारी अवधेश भैया को मुनि सुज्ञान सागर जी महाराज सागर जी, ब्रह्मचारी सोहनलाल भैया को क्षुल्लक सुज्ञातसागर जी महाराज, ब्रह्मचारी मधु रानी दीदी को क्षुल्लिका श्रीसुज्ञाप्तिमति माताजी, ब्रह्मचारी पुष्पा दीदी को क्षुल्लिका श्री सुज्ञातामति माताजी, ब्रह्मचारी चंद्रकांता दीदी को क्षुल्लिका श्री सुज्ञानी मति माताजी का नाम नामकरण की घोषणा करते ही जयकारों से सारा वातावरण गूंज उठा।


शाबाश इंडिया समाचार पत्र को सफल 11 वर्ष पूर्ण कर
12 वे वर्ष में प्रवेश करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




Er Devendra Mohan Jain - Smt Nirmala Jain
Lt Col (Dr) Charu Jain - Wg Cdr (Dr) Amit Jain
Er Chandni Jain - Er Amit Jain
Aahan Jain

4/28, Kasliwal Kutir, Parasram Nagar
Dher Ka Balaji, Jaipur-302039

शाबाश इंडिया समाचार पत्र को सफल 11 वर्ष पूर्ण कर 12 वे वर्ष में प्रवेश करने पर

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।
9828011871

# लंदन में वेदी प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ महोत्सव सम्पन्न



**मुकेश जैन लार. शाबाश इंडिया**

लंदन। श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्वर जैन मंदिर 19 बेथेकर रोड हेरो लंदन मे वेदी प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास उमंग के साथ बाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठाचार्य पंडित जय कुमार जी निशान्त टीकमगढ़ के कुशल निर्देशन एवं मंगल सानिध्य में आयोजित किया गया। प्रातःकालीन बेला मे नित्य नियम अभिषेक शांतिधारा सामूहिक पूजन विधान भव्य शोभायात्रा उपरांत नवीन वेदी पर श्री जी विराजमान किये गये। मंदिर का निर्माण राजेश जैन पिता स्व.श्रीमान चतुर्भुज जैन बरदुहा छतरपुर (म.प्र.) वालों के सौजन्य से किया गया।

ARL Infratech Ltd.

शाबाश इंडिया समाचार पत्र को सफल 11 वर्ष
पूर्ण कर 12वे वर्ष में प्रवेश करने पर

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अंकुर रूफिंग शीट्स
AEROTUFF LIGHT | STRONG | ADVANCED AAC Blocks
अंकुर फाइबर सीमेन्ट बोरवैल पाईप्स
SPECTA QUARTZ SURFACES

## वेद ज्ञान

## जीवन का उद्देश्य

हमारी जीवन यात्रा का एक ही उद्देश्य है आत्मतत्व का साक्षात्कार। जो व्यक्ति अपने आत्मतत्व को जान जाता है, वह परमात्मा को जान लेता है। एक महात्मा मंदिर के बाहर ही बैठे रहे, जबकि उनके सभी शिष्य मंदिर के भीतर जाकर भगवान के दर्शन कर लौट आए। एक भक्त ने उनसे पूछा कि गुरुजी क्या आप भगवान के दर्शन करने भीतर नहीं जाएंगे? इस पर महात्मा ने कहा कि मैंने यहीं से भगवान के दर्शन कर लिए हैं। जिज्ञासु भक्त ने पूछा कि यहां से तो भगवान की मूर्ति दिखाई नहीं दे रही है? महात्मा ने कहा कि भगवान की मूर्ति मेरे मन में ही बसी है, इसलिए उनके दर्शन करने के लिए मुझे मंदिर के भीतर जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि अपने मन के बंद दरवाजे खोलने की जरूरत है। यह सुनकर सभी शिष्य असमंजस में पड़ गए, तब महात्मा ने उन्हें समझाया कि भगवान के दर्शन पूजा-पाठ या तीर्थ करने से नहीं होते। ये साधन हो सकते हैं, लेकिन सत्य को जानने के बाद परमात्मा के दर्शन हो जाते हैं। सत्य को जानने के लिए आत्मतत्व को जानना होता है, जो हमारे भीतर ही मौजूद है। महात्मा ने आगे कहा कि हमारा प्रत्येक निर्णय सत्य होने का दावा करता है। इसका अर्थ यह हुआ कि असत्य को जान लेना ही सत्य है। इसलिए भगवान को खोजने के बजाय पहले सत्य को जानो। जब आप सत्य को जान जाओगे, तो आत्मतत्व को जान जाओगे और जब आत्मतत्व को जान गए, तब परमतत्व को जान गए। वैसे आत्मतत्व और परमतत्व एक नहीं हैं, लेकिन अलग-अलग भी नहीं हैं, क्योंकि जैसा आत्मतत्व वैसा ही परमतत्व और जैसा परमतत्व वैसा ही आत्मतत्व। इनमें कोई अंतर नहीं है। स्वामी विवेकानन्द कहते हैं कि जब तक आप यह अनुभव नहीं करते कि आप स्वयं देवों के देव हो, तब तक आप मुक्त नहीं हो सकते। ज्यादातर लोग समझते हैं कि उनका शरीर ही आत्मतत्व है और जब उनकी मृत्यु होगी, तब आत्मतत्व भी मर जाएगा। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि आत्मा को शस्त्र से काटा नहीं जा सकता, अग्नि उसे जला नहीं सकती, जल उसे गला नहीं सकता और वायु उसे सुखा नहीं सकती। यानी जिस प्रकार मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्यागकर नए वस्त्र धारण करता है, उसी प्रकार आत्मा पुराने शरीर को त्यागकर नवीन शरीर धारण करती है। आत्मा और शरीर के मिलन से ही जीवात्मा बनता है।

## संपादकीय

# दावों के बीच भूख की त्रासदी झेलने के लिए लोग मजबूर

यह अपने आप में एक बड़ा विरोधाभास है कि जिस दौर में दुनिया भर में अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों के जरिए लगातार विकास का हवाला दिया जाता है, उसमें करोड़ों लोगों को पेट भरने के लिए खाना तक नहीं मिलता है। यह अफसोसनाक हकीकत एक तरह से विकास के दावों के सामने आईना है, जो इस बात पर विचार करने जरूरत को रेखांकित करता है कि इसकी दिशा क्या है और आखिर यह किसके लिए है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को 'ग्लोबल रिपोर्ट आन फूड क्राइसिस' यानी खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट में यह खुलासा किया कि विश्व के उनसठ देशों के लगभग 28.2 करोड़ लोग सन 2023 में भूख से तड़पने को लाचार हुए। भूख का सामना करने वाले लोगों की तादाद 2022 के मुकाबले 2.4 करोड़ ज्यादा रही। रिपोर्ट के मुताबिक, भूखे रहने वालों में बच्चे और महिलाएं सबसे ज्यादा हैं। इसके अलावा, बत्तीस देशों में पांच वर्ष से कम उम्र के 3.6 करोड़ अधिक बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। साथ ही युद्ध और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की वजह से बढ़ते विस्थापन के बीच पिछले वर्ष कुपोषण की समस्या और ज्यादा गहरी हो गई। सवाल है कि दुनिया भर में और खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अगर भूख सहित कई बड़ी समस्याओं से लड़ने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी की बात की जाती है तो इस त्रासदी के लिए किसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि बीस देशों में भूख की मुख्य वजह वहां चल रहे हिंसक संघर्ष थे। दूसरा बड़ा कारण यह था कि बढ़ते तापमान या मौसम से संबंधित आपदाओं, कीटों के हमले और महामारी के बीच करीब सात करोड़ सत्तर लाख से ज्यादा लोगों को उच्च स्तर की गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ा। इसी तरह, खाने-पीने की चीजों की महंगाई, आयातित खाद्य वस्तुओं पर निर्भरता, उच्च ऋण स्तर आदि वजहों से भी लोगों को भूख की समस्या से रूबरू होना पड़ा। सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से या वैश्विक स्तर पर भुखमरी के लिए जिन कारणों को चिह्नित किया गया है, उसका हल निकालने की कोशिश किसे करनी है और वह कब होगा! यह एक जगजाहिर तथ्य है कि संयुक्त राष्ट्र या फिर अन्य संस्थाओं की ओर से विश्व भर में भूख के संकट पर अक्सर अध्ययन रपटें जारी की जाती हैं। उसमें कारण भी बताए जाते हैं। मगर उन्हें दूर करने को लेकर बात औपचारिकताओं से आगे नहीं बढ़ पाती। अन्यथा क्या वजह है कि वर्षों से भुखमरी के हालात कायम रहने के बावजूद इस दिशा में अब तक कोई ठोस हल सामने नहीं आ सका है। उल्टे आर्थिक और सामरिक स्तर पर दुनिया के ताकतवर देश भुखमरी की त्रासदी की ओर ध्यान दिलाए जाने पर भी उसके समाधान को लेकर शायद ही कोई रुचि दिखाते हैं। गरीबी, जलवायु परिवर्तन आदि से उपजी समस्याओं से अगर कोई देश ज्यादा प्रभावित होता है तो सक्षम देश उनकी मदद के लिए क्या करते हैं? **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# दावों की हकीकत

दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपने शासन काल में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव करने और उससे व्यापक पैमाने पर जनता का हित सुनिश्चित करने के दावे बढ़-चढ़ कर किए हैं। मगर इन दोनों क्षेत्रों में जो तस्वीरें सार्वजनिक रूप से पेश की गई, उसकी जमीनी हकीकत वैसी ही नहीं रहीं। जहां तक स्वास्थ्य के क्षेत्र का सवाल है, अस्पतालों की दशा सुधारने से लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं तक आम लोगों की आसान पहुंच के लिहाज से ''मोहल्ला क्लीनिक'' भी खोले गए। मगर व्यवहार में इसका अपेक्षित लाभ लोगों को नहीं मिल सका। इसके समांतर पिछले कुछ महीनों के दौरान दिल्ली के कुछ सरकारी अस्पतालों से जिस तरह दवाइयों और अन्य संसाधनों की कमी के कई मामले सामने आए, उससे यही पता चलता है कि एक तरह की अव्यवस्था पसर रही है, जिसका खमियाजा वहां पहुंचने वाले मरीजों को उठाना पड़ता है। गौरतलब है कि द्वारका इलाके में बुधवार को दिल्ली सरकार के इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों को रुई बाहर से खरीद कर लाने को कहा गया। यह स्थिति अपने आप में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का सच बताने के लिए काफी है। एक उपलब्धि और 'मॉडल' के रूप में बहुप्रचारित सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की हालत ऐसी क्यों देखने में आ रही है कि किसी अस्पताल में दवाइयां नहीं हैं तो कहीं रुई जैसी सबसे बुनियादी जरूरत की चीजें भी मरीजों के तीमारदारों को बाहर से लानी पड़ रही हैं। कुछ समय पहले खुद उपराज्यपाल ने यहां के स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिख कर दिल्ली सरकार के कामकाज और दावों पर सवाल उठाए थे। दिल्ली के कुछ अस्पतालों में दवाइयों की कमी से जूझने की भी कई खबरें आईं। आरोप-प्रत्यारोप के बीच आखिर यह व्यवस्था सुनिश्चित करना




किसकी जिम्मेदारी है कि लोग जब किसी बीमारी का इलाज कराने दिल्ली के किसी अस्पताल में पहुंचें तो वहां चिकित्सक, जरूरी दवाइयां और अन्य बुनियादी संसाधन उपलब्ध हों? सिर्फ प्रचार और दावा करने से किसी सेवा में सुधार नहीं होता, बल्कि उसके लिए वास्तव में पहल करनी पड़ती है। अगर कोई अड़चन आए, संसाधनों की कमी पैदा हो तो उसका विकल्प निकालना पड़ता है, ताकि समस्या का समाधान निकले।

# श्री महावीर जी में सांस्कृतिक मंच पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ

**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**




श्री महावीर जी। स्थानीय श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में पूर्व रात्रि मंगलवार को रात्रि 8:30 बजे सांस्कृतिक मंच पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजन हुआ, जिसमें देश के प्रख्यात कवियों ने भगवान महावीर के कृतित्व व व्यक्तित्व पर कविता पाठ किया । अहिंसा , शाकाहार , त्याग , तपस्या के साथ बेटी बचाओ - बेटी पढाओ तथा कन्या भ्रूण हत्या नहीं करने एवं देश भक्ति का संदेश,देश के लिए मर-मिटने वाले शहीदों के परिवारों की व्यथा कवियों की कविताओं में झलक रहा था ।कवि सम्मेलन में कवित्री दिल्ली की मनु वैशाली ने मंगलाचरण किया। मंच संचालक एवं प्रसिद्ध कवि उदयपुर निवासी रावआजाद शत्रु ने हे महावीर तेरी जय हो, तेरी जय हो, जय निश्चय हो, हिंसा की चौखट पर दुनिया दुनिया में अहिंसा की जय हो प्रस्तुत कर तालियां श्रोताओं की बटोरी। कोटा के डॉ आदित्य जैन कवि ने जो अहिंसा धार लेता है वही वीर होता है,जो मन को मार लेता है वही महावीर होता है ।वीर प्रभू की जय महावीर प्रभु की जय गीत सुनाया। साथ ही ये वक्त जागरण का है आराम का नही, जिस दिल में भी सम्मान तेरे नाम का नही, उन लोगो के इस देश में रहने का लाभ क्या जो राम का नहीं, वो किसी काम का नही। भीलवाड़ा के राजस्थानी गीतकार कवि राज कुमार बादल ने सत्य और अहिंसा केवल किताबों में बचे हुए हैं। पाप और पुण्य के बीच धुंधली लकीर है, जलती जमीन और आसमां सुलग रहा है, शीतल बौछारें बरसाओं महावीर जी सुनाकर श्रोताओं को भक्ति में ओतप्रोत कर दिया। ललितपुर के करुण रस कवि जैन वीरेन्द्र विद्रोही ने बनके आंखों में आंसू वो नीर हो गये। वो खो गये जहां से तो तस्वीर हो गये। करुणा दया का पाठ पढाकर चले गए, ऐसे महान संत महावीर हो गये सुनाई। श्री महावीरजी के वीर रस कवि प्रहलाद चांडक ने चेतना में शील का यदि चित्र नही है, सब व्यर्थ है यदि चरित्र नहीं है। सात समन्दर से भी गहरा है ये आंखों में जो पानी वाला पहरा है ये सुनाकर कवि सम्मेलन का मंगलाचरण किया। दूसरे चरण में कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से हास्य व्यग्य पर अपनी पिचकारी छोड़ते हुये भ्रष्टाचार, राजनीति व आज के समय की समस्याओं, शहीदों के परिवारों की व्यस्था, बेटियों व बहुओं पर अत्याचार पर व्यंग्य कर श्रोताओं को सोचने को मजबूर कर दिया। शुजालपुर के गोविन्द राठी, उदयपुर की दीपिका माही, फरीदाबाद के सरदार मंजीत सिंह, इटावा के गौरव चौहान ने अपनी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को बांधे रखा। बारां के मारुति नन्दन ने मै गधा हू कविता सुनाकर श्रोताओं को हसां हसा कर लोटपौट कर दिया।राज कुमार बादल ने राजस्थानी गीतों के माध्यम से तालियां बटोरी। उपस्थित श्रोताओं ने कविता पाठ पर तालिया बजाकर कवि सम्मेलन को जागृत बनाये रखा। संचालन उदयपुर के राव अजातशत्रु ने किया। क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल, मानद् मंत्री सुभाष चन्द जैन, कोषाध्यक्ष विवेक काला ने सभी कवियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।अन्त में क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर क्षेत्र कमेटी के उपाध्यक्ष शांति कुमार जैन, मानद् मंत्री सुभाष चन्द जैन,संयुक्त मंत्री उमरावमल संघी,कोषाध्यक्ष विवेक काला, न्यायाधिपति नगेन्द्र कुमार जैन, रुपिन काला , प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा, चंद्रेश कुमार जैन, अशोक जैन नेता, महेश काला,भानू छाबड़ा, योगेश टोडरका, राकेश छाबड़ा, प्रदीप ठोलिया, भारतभूषण जैन, अशोक गंगवाल, सुभाष बज सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। हजारों की संख्या में श्रोताओं ने कवि सम्मेलन का आनंद लिया।

## श्रीमहावीर जी मेले में कुश्ती दंगल का आयोजन

### पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच, टोडरा दौसा के महेन्द्र पहलवान ने जीती आखिरी कुश्ती



**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**

श्रीमहावीर जी। 25 अप्रैल स्थानिय श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में 18 अप्रैल से चल रहे भगवान महावीर के वार्षिक मेले का कुश्ती दगल के साथ समापन हो गया ।मंदिर के प्रबन्धक नेमीकुमार पाटनी ने बताया की कुश्ती दंगल में 1महिला पहलवान सहित 34 पहलवानों ने दांवपेंच लड़ाए। आखिरी की कुश्ती का मुकाबला दौसा के महेन्द्र पहलवान व भरतपुर के सागर पहलवान के बीच हुआ जिसमें दौसा के महेन्द्र पहलवान ने बाजी मारी। आयोजकों ने विजेता महेन्द्र पहलवान को 21 सौं रुपए की नकदी देकर सम्मानित किया। रैफरी की भूमिका बाबू पहलवान, टोमी पहलवान, बिजेन्द्र पटेल ने निभाई। कुश्ती दंगल मे 100 रुपए से लेकर 2100 रुपये की 21 कुश्ती हुई । दौसा जिले की महिला पहलवान ममता मीना 1500 रुपए की कुश्ती पर खडी हुई, जिसमें अन्य महिला पहलवान नही आने के कारण ममता मीना को विजयी घोषित किया गया ।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के लिए किया जागरूक




**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत गुरूवार सायं नगर के मुख्य बाजार में बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया। अजमेर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की स्थानीय शाखा के तत्वावधान में बच्चों ने लोकतंत्र का उत्सव आया, चलो सभी मतदान करें पंक्ति गाकर मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक किया।

# WHO के हिसाब से सबसे बढ़िया भारतीय खाना कौनसा है?



डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय
आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान
विधानसभा,जयपुर I 9828011871



WHO खाने पर एक सर्वे हुआ, सर्वे पूरी दुनिया के खाने पर किया गया जिसका उद्देश्य ये जानना था की पूरी दुनिया में सबसे अच्छा खाना क्या है। उसके लिए उसे 3 कसौटियों पर खरा उतरना था। पहला को वो बनाने में आसान हो। दूसरा उसमे एक इंसान के लिए सभी जरूरी तत्व हो, तीसरा खाने में स्वाद होना चाहिए। Who की टीम पूरे दुनिया घूमती है और ये देखती है की दुनिया में सबसे आसानी से बनाने वाला खाना क्या है और उस देश के लोग उसे कितना खाते हैं। इसमें उन्हें एक खाना मिला वो था दाल चावल। उन्होंने देखा की भारत के हर स्टेट में डाल चावल बेहद वृहद रूप से खाया जाता है कहीं साभार कही दाल कहीं दालमा। दूसरी कसौटी आतीं है की बनाने में आसान हो। इसमें भी डाल को चावल को सेलेक्ट किया गया। वो जानकर हैरान थे की चावल को मात्र पानी डालकर बनाया जाता है और दाल में हल्दी और नमक। अब तीसरी कसौटी खाने में टेस्ट हो। तो जब उन्हें गर्म गर्म दाल चावल और ऊपर से देसी घी डाल कर दिया गया तो पहला निवाला खाते हो सब मस्त हो गए। अब चौथी कसौटी की पोषण हो। इसके लिए दाल और चावल के सैंपल को अपने साथ ले गए और उन्होंने पाया। दाल में फाइबर प्रोटीन आयरन और जरूरी मिनरल थे। **Antibiotic** और आयोडीन की कमी हल्दी और नमक से पूरी हो रही थी। चावल में काबोर्हाइड्रेट और अन्य तरह के विटामिन थे। अंत में निष्कर्ष ये निकला की भारतीय दालचावल सब्जी और अगर उसके साथ सलाद हो तो ये दुनिया के सबसे बेहतरीन खाने में से एक है। ये एक मात्र खाना है जिससे किसी भी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होता है। बाद में पता चला की इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य इस खाने को लेके ये पता करना था की यदि अमेरिका और यूरोप में युद्ध की स्थिति हो तो सबसे सस्ता और सबसे कम समय में तैयार होने वाला पौष्टिक खाना क्या है जिसे महीनो खाया जाए तो भी मन ना भरे और वास्तव में डालचावल जितना सिंपल है उतना ही बेहतर लेकिन हम लोग इसे छोड़ **pizza burger** खाते हैं। दाल चावल का खर्चा भी काफी कम होता है। तो आप इस बात से कितना सहमत हैं हमे कमेंट कर के बताइए जरूर।

शाबाश इंडिया समाचार पत्र को सफल 11 वर्ष पूर्ण कर 12 वे वर्ष में प्रवेश करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



सुरेन्द्र कुमार-मृदुला जैन पांड्या

राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन
पूर्व अध्यक्ष
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन
पूर्व अध्यक्ष
दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल
अध्यक्ष
जन समस्या समिति, महावीर नगर, जयपुर
उपाध्यक्ष
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा, पदमपुरा
उपाध्यक्ष
महावीर शिक्षा समिति
डायरेक्टर (गवर्निंग बोर्ड)
सेन्ट्रल डेवलपमेन्ट ऑफ स्टोन (सरकारी उपक्रम)



राष्ट्रीय महामंत्री-दिगम्बर जैन महासमिति
सरंक्षक: दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति

पता: 477, एकता ब्लॉक,
महावीर नगर, जयपुर (राज.)
मो.: 98290-63341

शाबाश इंडिया समाचार पत्र को सफल 11 वर्ष पूर्ण कर
12 वे वर्ष में प्रवेश करने पर
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



रमेश चंद्र-सुमति देवी
यश कमल-संगीता
विभोर-आयुशी अजमेरा

LAW LINE
H.R. MANAGEMENT CONSULTANTS
INDUSTRIAL & LABOUR LAW ADVISOR & EXECUTORS

36, Ekta Path, Shriji Nagar, Durgapura, Tonk Road, Jaipur
Ph. 0141-2547493, Mo. 9829067076
Fax 91-141-2547493, E-mail: lawline@rediffmail.com




शाबाश इंडिया स्थापना दिवस पर श्री वीर सेवक मंडल के अध्यक्ष ने माल्यार्पण कर बधाई दी। इस अवसर पर दिनेश पारीक भी उपस्थित थे।


# श्री आदिनाथ धर्मार्थ चिकित्सा केन्द्र

(अधीनस्थ श्री आदिनाथ जैन रिलीफ ट्रस्ट)

122, महावीर नगर II, महारानी फार्म, दुर्गापुरा, जयपुर

## स्पीच थैरेपी चिकित्सा की नि:शुल्क सुविधा
## दिनांक रविवार 5 मई 2024 से

एस. एम. एस. अस्पताल के अनुभवी स्पीच थैरेपिस्ट डा. आशीष धस्माना द्वारा स्पीच थैरेपी चिकित्सा की नि:शुल्क सुविधा श्री आदिनाथ धर्मार्थ चिकित्सा केन्द्र में आरम्भ की जा रही है।

समय - प्रात : 11 बजे से 1 बजे तक प्रत्येक रविवार (केवल पूर्व रजिस्टर्ड रोगियों के लिए)।

स्पीच थैरेपी की जरूरत किसे होती है-

1. ब्रेन स्ट्रोक के दुष्प्रभाव से जिन्हें बोलने या समझने में तकलीफ होती है।
2. ब्रेन स्ट्रोक या किसी दुर्घटना के दुष्प्रभाव से खाने पीने में मुँह से खाना निकल जाता हो, खाते पीते हुए धसक आती हो।
3. बच्चे या बड़े, जो बोलते हुए हकलाते हो या तुतलाते हों तथा जिनकी आवाज में भारीपन या पतलापन हो।
4. लकवा या किसी अन्य कारण से मुँह में टेढ़ापन हो अथवा एक ओर झुक गया हो।
5. जीभ से जुड़े किसी रोग के कारण बोलने या निगलने में दिक्कत आती हो ।
6. सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चे जिन्हे बोलने या खाने व पीने मे दिक्कत आती हो।
7. कॉकलियर इम्प्लांट कराये बच्चों की या माता पिता की काउंसलिंग।
8. वोकल कॉर्ड (Vocal Cord) में कमजोरी या सूजन आने से आवाज में दिक्कत आना।

चिकित्सा हेतु रोगी फोन से संपर्क कर समय लेकर ही आयें।

संपर्क करें :

9828488811, 9887646004, 9351399201, 7976430994, 9414719341






## श्री महावीर जी-श्रीमती शकुंतला जी बिंदायका

अध्यक्ष संगिनी फॉरएवर ग्रुप अध्यक्ष जनकपुरी महिला मंडल,
अध्यक्ष, महिला महासमिति आंचल राजस्थान
संरक्षक, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सम्यक
सांस्कृतिक मंत्री, धर्म जागृति संस्थान

# को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई

शुभेच्छु

सचिव सुनीता गंगवाल कोषाध्यक्ष उर्मिला जैन
एवम समस्त दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉरएवर

# महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर द्वारा गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत बालिकाओं के मासिक धर्म स्वच्छता व स्वास्थ्य जागरूकता हेतु शिविर लगाया गया




## नगर निगम हेरिटेज ने दिया स्वच्छता पर संदेश, ग्रेटर द्वारा विद्यालय में 10 ट्यूब लाइट लगायी गयी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर द्वारा गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत बालिकाओं के मासिक धर्म स्वच्छता व स्वास्थ्य जागरूकता हेतु शिविर लगाया गया । सचिव वीर राजेश बड़जात्या ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर द्वारा महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के सहयोग से गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं के मासिक धर्म स्वच्छता व स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया। विद्यालय परिसर में आज गरिमा प्रोजेक्ट के माध्यम से बालिकाओं को उतम स्वास्थ्य व सेनेट्री नेपकिन का सही रूप से निस्तारण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए जीरो वेस्ट पीरियड के निस्तारण एवं मेन्स्टुअल कप की जानकारी बहुत ही प्रभावशाली तरीके से वीरा डॉ रश्मि सारस्वत अंतरराष्ट्रीय निदेशक, महावीर इंटरनेशनल द्वारा बहुत ही शानदार व सरल भाषा मे दी गई। राजकीय महाराजा गर्ल्स सीनियर सैकंडरी स्कूल, छोटी चौपड़ में आयोजित शिविर में ''झिझक छोड़ो, चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो'' का संदेश देते हुए निःशुल्क 200 सेनेट्री नेपकिन, मेन्स्टुअल कप स्कूल की बालिकाओं को वितरित की गई। विद्यालय की प्रिन्सिपल के निवेदन पर ग्रेटर द्वारा 10 ट्यूब लाइट भी विद्यालय में लगायी गयी। डॉ सोनिया



अग्रवाल, हेल्थ आफिसर, नगर निगम हेरिटेज ने अपने उद्बोधन में कचरे का निस्तारण करने के गिला कचरा, सूखा कचरा के सन्दर्भ में सारगर्भित जानकारी दी तथा बालिकाओं को संदेश दिया कि सड़क पर कचरा नहीं फेंके, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करे, पानी की बोतल व टिफिन प्लास्टिक की जगह स्टील का उपयोग कर जयपुर को इस वर्ष स्वच्छता में प्रथम नंबर पर स्थापित करना है। इंदौर नगर निगम के रवि शर्मा ने बताया कि हमे कचरा जो कचरे वाली गाड़ी आती है उसमे अलग अलग डालना चाहिये उन्होंने गिले कचरे का घर मे खाद बनाना बताया। प्रिसिंपल श्रीमती पुखराज आर्य ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कहा कि आज का संदेश में पूरी स्कूल में दूंगी ।इससे पूर्व सभी अतिथियों का सम्मान ग्रेटर के वीर , वीराओ द्वारा माला पहनाकर किया। कार्यक्रम में वीर धनु कुमार जैन, वीर डॉ ज्ञान चंद जैन सोगानी, वीर मोहन लाल गंगवाल, वीर कुमार जैन, वीरा सीमा बड़जात्या, वीरा इंदु जैन, वीरा आशा सोगानी, वीरा सुशीला बड़जात्या, वीरा मंजू पूरी, वीरा सुमित्रा जैन आदि सदस्यगण उपस्थित थे।

# अवगुणी की कोई कीमत नहीं : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका 105 गुरुमाँ विज्ञाश्री माताजी ने प्रवचन सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को उद्बोधन देते हुए कहा कि- कीमत व्यक्ति की नहीं व्यक्तित्व की होती है। गुणों से ही व्यक्ति की कीमत है। जिसमें गुणों की कमी है उसकी कोई कीमत नहीं करता। गुणों को धारण करने का पुरुषार्थ सतत बनाये रखें इसी से जीवन की उज्ज्वलता है। गुरुभक्त विनीत चांदवाड जयपुर सपरिवार ने गुरुमाँ का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ क्षेत्र के परम शिरोमणि संरक्षक के जितेन्द्र श्रद्धा जैन, भोपाल के शादी की वर्षगांठ पर गुरु माँ ने आशीष देते हुए मंगलमय जीवन की कामना की। पूज्य आर्यिका ससंघ का मंगल विहार शाम 5.30 बजे जनकपुरी इमली फाटक से होता हुआ महारानी फार्म गायत्री नगर-ए में मंगल प्रवेश 6.30 बजे हुआ। जिसमें अनेकों श्रद्धालुओं ने माताजी ससंघ की आगवानी की। सभी भक्तों ने पाद प्रक्षालन कर मंगल आरती उतारी।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# सेंटर पर शिक्षा संस्कार ग्रहण करने वाले 55 बच्चो को गणवेश की सेवा





**अजमेर. शाबाश इंडिया।** लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल,पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मधु पाटनी एवम अन्य भामाशाहो के सहयोग से लायंस क्लब्स इंटरनेशनल का प्रांतीय प्रमुख कार्यक्रम आवश्यकता अनुरूप सेवा के अंतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया सिलोरा ( किशनगढ़ ) में ग्रामीण एवम सामाजिक विकास संस्था द्वारा चाइल्ड केयर सेंटर पर संचालित ऐसे 55 बच्चो के लिए जोकि मजदूर परिवार के है को गणवेश की सेवा संस्था की सुपर वाइजर सुमन कटेरिया, कार्यकर्ता निर्मला रावत एवम सामाजिक कार्यकर्ता ललिता रावत को दी गई । क्लब अध्यक्ष लायन अनिल छाजेड़ ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक प्रांतीय सभापति हंगर रिलीफ लायन अतुल पाटनी के संयोजन में ऐसे मजदूर जो अल सुबह से ही आजीविका हेतु दूर दराज की फैक्ट्रियों में मेहनत मजदूरी के लिए बच्चो को चाइल्ड केयर सेंटर में छोड़ कर निकल जाते है जहा इन बच्चो को शिक्षा के साथ संस्कार दिए जाते है को क्लब द्वारा वस्त्र की सेवा प्रदान की गई।


शाबाश इंडिया समाचार पत्र को सफल 11 वर्ष पूर्ण कर 12वे वर्ष में प्रवेश करने पर



हार्दिक बधाई



MPHF Rtn. Sudhir Jain
M.Com., LLB, JD

- Charter President & Trainer Rotary Club Jaipur Citizen
- President, international vaish mahasammeln jaipur central
- Founder President, Jain Citizen Foundation Trust
- F. President & Patron Lion Club Jaipur Diamond
- F. President, Jain Social Group Capital
- President: shridharam foundation.
- Dev. Officer, LIC of India, B.O.1, B.S. Road, Jaipur

A-1, Krishna nagar-II, Lal Kothi, Jaipur | 9829012639
Ph.: 0141-2744820, 4026130 | lionsudhirjain@gmail.com


# मासिक णमोकार, सम्मान एवं श्रावकाचार संकल्प-पत्र शुभारम्भ



**सांगानेर, जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर चोमूबाग में मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ के गर्भ कल्याणक पर्व के सुअवसर पर दिगम्बर जैन महासमिति चौमूबाग इकाई द्वारा आयोजित सामूहिक णमोकार महामंत्र का जाप मुकेश छाबडा एवं श्रीमती कमला अजमेरा के नेतृत्व में किया गया। दीप प्रज्जवलन प्रेमचंद बडजात्या, मुकेशकुमार छाबड़ा, नमी गोधा, युगांश, यशवर्धन एवं आर्जव ने किया। मंगलाचरण श्रीमती कमला अजमेरा, पुष्पलता बडजात्या, सरोज जैन, सुनीता बडजात्या आदि महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। सांगानेर संभाग के परामर्शक प्रेमचंद बडजात्या ने भगवान महावीर के 2623 वे जन्मकल्याणक पर राजस्थान जैन सभा द्वारा आयोजित भव्य और विशाल जुलुस में दिगम्बर जैन महासमिति अंचल राजस्थान एवं सांगानेर संभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्रावकाचार झांकी के उद्देश्य को बताया एवं संबंधित प्रश्न पूछे । सांगानेर संभाग महामंत्री एवं चोमू बाग इकाई के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द कुमार जैन ने झांकी में प्रदर्शित जैन श्रावकाचार का सामान्य परिचय दिया। इस झांकी में शराब, मांस, अंडा, प्याज, लहसुन आदि अभक्ष्य पदार्थों एवं इनसे निर्मित पदार्थों के त्याग का संदेश दिया गया। क्योंकि ये सब त्रसघात एवं नशाकारक होने से महातामसिक विकारों को पैदा करते हैं जिससे व्यक्ति, देश, समाज की सुख- शान्ति भंग होती है। झांकी में जैनों के तीन लक्षण दिखाये गये- प्रतिदिन देव दर्शन करना, पानी छानकर पीना और रात्रि भोजन का त्याग। साथ ही श्रावक के षट् आवश्यकों को भी प्रकशित किया गया जिसमें देव पूजा, गुरु उपासना, स्वाध्याय, संयम, तप और दान। उन्होने बताया कि दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल द्वारा इस वर्ष श्रावकाचार वर्ष-2024 घोषित किया गया जिसका उद्देश्य समाज एवं जनसाधारण में जैन आचार के प्रति जागृति लाई जा सके।


श्री राकेश - नीरा लुहाड़िया
सदस्य दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति

Happy Anniversary



27 अप्रैल' 24
8302047825

की वैवाहिक वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या
**संस्थापक अध्यक्ष:** राकेश - समता गोदिका
**सचिव:** राजेश - रानी पाटनी
**कोषाध्यक्ष:** दिलीप - प्रमिला जैन
**सांस्कृतिक सचिव:** कमल-मंजू ठोलिया
एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# शाबाश इंडिया समाचार पत्र को सफल 11 वर्ष पूर्ण कर 12 वे वर्ष में प्रवेश करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


दैनिक
विश्वास आपका, साथ हमारा
# समाचार जगत
प्रात:कालीन एवं सायंकालीन
## 44 वर्षों से
निर्भीक, निष्पक्ष, सटीक, आपका अपना अखबार


स्व. श्री राजेन्द्र के.गोधा
संस्थापक





दिल्ली संस्करण
समाचार जगत
भारत और रूस के संबंध दूसरों के लिए उदाहरण, जानें पुतिन ने क्या कहा : मोदी
जयपुर सिटी प्रात:कालीन
समाचार जगत
बंद में शामिल हुए तो डॉक्टरों पर कठोर कार्रवाई, छुट्टियां भी रद्द
एक लाख नौकरियां और देगी राज्य सरकार
डाक संस्करण
समाचार जगत
आरटीएच का विरोध डॉक्टरों की महारैली
18 विपक्षी दलों ने किया प्रदर्शन
जयपुर सिटी सायंकालीन
समाचार जगत
भर्तियों और राहतों का पिटारा नहीं थोपा कोई नया टैक्स
राजस्थान बजट 2019-20

11, JLN Marg, Jaipur-302017 (Rajasthan)
Ph. 0141-3509888, 2708188, 2708088
Website: samacharjagat.com email: samacharjagat@gmail.com
advtsj@samacharjagat.com

Samachar Jagat
SJDIGITAL
समाचार जगत Smart app डाउनलोड करें
Google play App Store



# दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी

द्वारा

श्री महावीरजी स्थित भगवान महावीर पर आधारित चलचित्र

।।श्री।।

महावीर जी

THE MOVIE

# PREMIER SHOW

आपके अपने शहर जयपुर में

'जैम सिनेमा'

पर

रविवार, 28 अप्रैल 2024 । प्रातः 9.00 बजे

आप भी इस फिल्म को देख सकते हैं......

निमंत्रण कार्ड (पास) के लिये आप महावीरजी कमेटी कार्यालय, भट्टारक जी नसियां में श्री नेमीचन्द जैन (78499 09120) से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

प्राप्त करने का समय - प्रातः 10.00 से सायं 5.00 बजे तक

: निवेदक :

समस्त कार्यकारिणी दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी

# चांदनगांव में भूगर्भ से प्रकटित भगवान महावीर का श्री महावीरजी फिल्म में दर्शाया अतिशय




**इस फिल्म में श्री महावीर भगवान के अतिशय के साथ श्री महावीरजी कमेटी द्वारा श्री महावीरजी क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों एवं इन विकास कार्यों से आसपास के लोगों को जो लाभ मिला है उसका चित्रण किया गया है। उन्होंने बताया कि महावीर जी मंदिर भगवान महावीर का पूरे देश का सबसे बडा मंदिर है। यहा सभी धर्मों एवं जातियों के लोग भगवान महावीर को पूजते हैं...**

## जेम सिनेमा में रविवार को होगा प्रिमियर शो

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी द्वारा चांदनपुर में टीले से प्रकटित भगवान महावीर के अतिशय को फिल्म 'श्री महावीरजी' में बखूबी दशार्या गया है। दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल एवं मानद् मंत्री सुभाष चन्द जैन ने शुक्रवार को संवाददाताओं को फिल्म का निर्माण एवं फिल्म की कहानी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भगवान महावीर की मूंगावर्णी प्रतिमा किस प्रकार से श्री महावीरजी के चांदनगांव में भूगर्भ से प्रकटित हुई तथा भगवान के टीले से बाहर आने के बाद पूरे क्षेत्र में सुख समृद्धि संपन्नता होने लगी इस का बडी सुन्दरता के साथ इस फिल्म में चित्रण किया गया है। इस फिल्म में श्री महावीर भगवान के अतिशय के साथ श्री महावीरजी कमेटी द्वारा श्री महावीरजी क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों एवं इन विकास कार्यों से आसपास के लोगों को जो लाभ मिला है उसका चित्रण किया गया है। उन्होंने बताया कि महावीर जी मंदिर भगवान महावीर का पूरे देश का सबसे बडा मंदिर है। यहा सभी धर्मों एवं जातियों के लोग भगवान महावीर को पूजते है। नया काम शुरू करने से पहले भगवान महावीर के मंदिर में ढोक लगाते हैं।450 वर्ष प्राचीन मंदिर के बनने के बाद महावीर जी में कोई प्राकृतिक आपदा नहीं आई। भगवान महावीर का 2623 वां जन्म जयंती एवं 2550 वां निर्वाणोत्सव चल रहा है। कमेटी के मुख्य प्रचार संयोजक सुरेश सबलावत ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रतिमा के अवतरण से वहां के निवासियों के जीवन स्तर में आये हुए बदलाव की प्रगति को दर्शाया गया है। फिल्म में दशार्या गया है कि आजकल के युवा गांव एवं अपने पुश्तैनी व्यापार को छोड़कर के नाम मात्र के पैकेज के लिए शहर में बस जाते हैं। इसका कारण है कि गांव के बच्चों को कोई भी अपनी लड़की देना नहीं चाहता। लड़की भी गांव में नहीं जाना चाहती है, इसी व्यथा को इस फिल्म में फिल्माया गया है। एक लड़की विदेश में बहुत बड़ी मल्टी नेशनल कंपनी में अच्छे पैकेज पर कार्यरत होते हुए भी श्री महावीर जी क्षेत्र के लिए अपना सब कुछ छोड़कर श्री महावीर जी में विकास के कारण को आगे बढ़ाने में मदद करने लगी। प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी प्रबंधकारिणी समिति द्वारा इस फिल्म का निर्माण करवाया गया है। इसके प्रोड्यूसर शैलेंद्र जैन एवं जे के जैन कालाडेरा वाले हैं। यह फिल्म शशांक जैन द्वारा लिखित एवं निर्देशित है। फिल्म में केशव कुंडल द्वारा संगीत दिया गया है। एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर सौरभ जैन है। इसमें मुख्य भूमिका रोहित मेहता व वान्या ने निभाई है। साथ में जयपुर जैन समाज के कुछ लोगों ने भी इस फिल्म में काम किया है। मूवी में सात गाने है डॉल्बी साउंड में एरी कैमरे के साथ पूरी फिल्म फिल्माई गई है। एक घंटा पचास मिनट की फिल्म है। अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल ने बताया कि दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी कमेटी द्वारा इस फिल्म का प्रिमियर शो रविवार 28 अप्रैल को जेम सिनेमा में प्रातः 9:00 बजे से दिखाया जाएगा। हमें विश्वास है कि यह पिक्चर सबको पसंद आएगी। प्रिमियर शो के लिए निमंत्रण कार्ड एवं फ्री पास पहले आओ पहले पाओ के आधार पर भट्टारक जी की नसियां कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फिल्म एवं प्रिमियर शो के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल, मंत्री सुभाष चन्द जैन, सहित सुरेश सबलावत, विनोद जैन कोटखावदा, भारतभूषण जैन, मनीष बैद, जे के जैन कालाडेरा सहित बडी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।